Reg. No. : .....

Name : .....

(Pages : 2)

B – 3101

First Semester B.Com. Degree Examination, December 2016
First Degree Programme Under CBCSS
HINDI : Language Course – II (Additional Language)
HN 1111.2 : Prose, Commercial Hindi and Letter Writing
(2013 Admission Onwards)

Time : 3 Hours

Total Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए :

1) भारतीय भाषाओं की कहानी के सिरमौर कौन हैं ?
2) 'ताज' निबंध किस रचना से लिया गया है ?
3) 'कोश ने शुक्लजी को बनाया और कोश को शुक्लजी ने' यह किसका कथन है ?
4) प्रेमचन्द का असली नाम क्या है ?
5) 'ताज' निबंध के रचनाकार कौन हैं ?
6) रामचन्द्र शुक्ल के 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' का प्रकाशन कब हुआ ?
7) 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' किस विधा की रचना है ?
8) कला के दो वर्ग कौन-कौन से हैं ?
9) पत्रलेखन कला के उपकरण क्या-क्या हैं ?
10) पत्र की महत्वपूर्ण बातें क्या-क्या हैं ?

(10×1=10 Marks)

II. **दो-तीन** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

11) बुधिया असह्य प्रसव वेदना से तडपते समय घीसू और माधव किस होड में थे ?
12) शुक्लजी के निबंधों की वास्तविक छटा उनके किन-किन निबंधों में देखने को मिलती है ?
13) मनुष्य ही एकमात्र स्मृति धर्मी प्राणी है । क्यों ?
14) किस कार्य में हरिशंकर परसाई को महारत प्राप्त है ?
15) समूचा प्रसाधन तंत्र मूलत: एक खाल तंत्र में तब्दील हो गया है । कैसे ?

All Saints' College Trivandrum

16) ताजमहल 'ट्रैजिक सौन्दर्य' का नमूना है । कैसे ?

17) किससे क्रोध उत्पन्न होता है ?

18) कफन कहानी अविश्वासनीय होकर भी विश्वासनीय है । कैसे ?

19) पत्र के सामान्य अंगों का उल्लेख करें ।

20) व्यावसायिक पत्र की सामान्य विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?

21) प्रारंभिक आलेखन के अंतर्गत कौन-कौन से पत्र आते हैं ?

22) पत्र लेखन में प्रभावान्विति से क्या तात्पर्य है ? **(8×2=16 Marks)**

III. **सौ-सौ** शब्दों में किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

23) क्रोध कब वैर में परिणत हो जाता है ?

24) संसार भर में बनाए गए स्मारक किस भावना के प्रतिफलन है ?

25) नए सौन्दर्यशास्त्र की आधार शिलाएँ क्या-क्या हैं ?

26) इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर क्यों गए थे ?

27) क्रोध के प्रेरक दो प्रकार के दुख कौन-कौन से हैं ? स्पष्ट करें ।

28) "तू बडा बेदर्द है बे ! सार-भर जिसके साथ सुख चैन से रहा, उसी के साथ इतनी बेवफाई !" यह किसका कथन है ? इसका मतलब क्या है ?

29) अंग्रेज़ी के रुमानी कवियों ने सौन्दर्य के बारे में क्या विचार प्रकट किया है ?

30) प्रेमचंद की सर्वश्रेष्ठ तीन कहानियाँ कौन-कौन सी हैं और क्यों ?

31) अपनी प्रेयसी के वियोग पर बहाए गए शाहजहाँ के आँसू कैसे चिरस्थायी हो गए ? **(6×4=24 Marks)**

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

32) कफन कहानी में सामाजिक व्यवस्था पर क्रूर व्यंग्य किया है । कथन की समीक्षा कीजिए ।

33) 'स्त्री जो महज त्वचा है' पाठ की प्रासंगिकता पर एक निबंध लिखिए।

34) 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' रचना में चित्रित विडंबनात्मक यथार्थ पर प्रकाश डालें ।

35) केरल के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार एस. एन. अस्पताल, तृशूर में लेखा अधिकारी का पद खाली है । अपनी योग्यता, अनुभव आदि दिखाकर एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए । **(2×15=30 Marks)**

All Saints College Trivandrum